योजकः

YOJAK Center for Research and Strategic Planning for Sustainable Development

‘विकास’ यह एक नैसर्गिक अर्थात स्वाभाविक प्रक्रिया मानी जाती है । इस नैसर्गिकता को निरंतर रखने हेतु विकासलक्षी चिंतन, सोच बहुत अहम मायने रखती है । भारत में विभिन्न विभूतीओंने शाश्वत अर्थात धारणाक्षम विकास हेतु युगसुसंगत चिंतन समयानूसार प्रसृत किया है। मगर समूचे भारत में गत कुछ सालोंसे विकास के चलते असमंजस की स्थिती बन रही है ओर परस्पर विरोधीतत्व उभर रहे है। जिससे एक और अमीर लोग बढ रहे है तो दूसरी ओर गरिबी । क्षतिग्रस्त नैसर्गिक संसाधन पर्यावरण की बिगड़ती हालत उजागर कर रहे है ।

'विकास' की इस असमंजस स्थिती से शाश्वत अर्थात धारणाक्षम विकास की दिशा में, वैज्ञानिक पद्धतीद्वारा, दृढतापुर्वक कदम बढाने हेतू ‘योजक’ का गठन हुआ है।

योजक **YOJAK Center for Research and Strategic Planning for Sustainable Development** यह कानून की धारा २५ अंतर्गत गठीत ना नफा कंपनी है। इसका कार्यक्षेत्र संपूर्ण भारत वर्ष है।

उद्देश

प्रचलित विकास नीति से बनी परिस्थिती तथा उससे उभरे प्रश्नोंका शास्त्रोक्त अध्ययन करना ।

नीती के अंर्तविरोध को समझना ।

भारतीय विकास अवधारणाओंको प्रत्यक्षकारी रूप मे साकार करने में सहयोग देना ।

कार्यपद्धती

विकासरत व्यक्ति, समूह, स्वयंसेवी संस्था, जन संगठनो और शासकिय संस्थाओंको विकास की भारतीय अवधारणाएं अवगत कराने हेतू कार्यक्रम, उपक्रम चलाना। स्थानिय नैसर्गिक संसाधन आधारित शाश्वत आजीविका निर्माण हेतू विकास प्रारूप बनाने में सहयोग देना। तथा इस हेतू व्यवहारीक प्रयासोंको बढावा देना। विकास की साँझी समज बनाने हेतू राष्ट्रीय तथा स्थानिय स्तरपर विचार संगोष्ठी, चर्चासत्र आयोजन में सहयोग देना। वैज्ञानिक अध्ययन के आधारपर शासन तथा समाज की विकास नीति निर्धारण प्रक्रिया में सम्मिलित होना।

मान्यता

भारतीय विकास विषयक चिंतन के आधार पर जनचेतना तथा जनसहभागीता से शाश्वत अर्थात धारणाक्षम विकास में योजक का अतूट विश्वास है।



प्राथमिक प्रयोगभूमि

दक्षिण गुजरात से चलकर पश्चिम बंगाल तक का इलाक जो भारत का मध्यक्षेत्र कहलाता है, पहाडों और वनोंसे घिरा हुआ है। यह क्षेत्र अधिकांश जनजातीओंका निवास स्थान है। इस क्षेत्र में प्रचलित विकास का बहूत बूरा प्रभाव पाया जाता है।

'योजक' अपनी मान्यता, उद्देश एवम् कार्यपद्धतीद्वारा 'मध्यभारत वनांचल समृद्धी योजना' अंतर्गत विविध सहयोगियोंके साथ में भारतीय विकास अवधारणाओको इस क्षेत्र में साकार करने के प्रयोगों में जुटा है।

आपका हरसंभव सहयोग इन प्रयोगोंको ओर परिपुष्ट करेगा।

योजक

२१०, भारत भवन ए, १३६० शुक्रवार पेठ, पुणे – ४११००२, महाराष्ट्र, भारत.
संपर्क क्र :– ०२० २४४४७५५५, मो. क्र : – ९८२२८८२०११.
info@yojak.org.in